

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.



# सप्लायर आचार संहिता और आचार नीतत

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

Magna International



# सप्लाई चैन टीम से संदेश

Magna में, प्रबल सप्लायर हमारी सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अपने ग्राहकों को नित-नये, विश्वस्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए, हम पूरी दुनिया में अपने सप्लायरों के नेटवर्क पर ही निर्भर रहते हैं।

जब हम अपने भागीदार चुनते हैं, तो उसके कर्इ मापदंड होते हैं: नयापन लाने की क्षमता; सुचारू प्रचालन जो उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करें; सप्लाई चैन मूल्य को उच्च बनाने एवं खर्च घटाने में हमारा सहायक स्पर्धात्मक मूल्य-निर्धारण, और भी बहुत कुछ। लेकिन इनमें से किसी भी उपाय का तब कोर्इ मतलब नहीं रह जाता जब हम अपनी सप्लाई चैन पर वही नैतिक मानक बनाए रखने पर भरोसा नहीं करते, जो हम अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करते हैं।

निम्नलिखित सप्लायर आचार संहिता और आचार नीतत Magna में आंतरिक रूप से लागू हमारे सिद्धांत तथा हमारी हर उस कंपनी से अपेक्षाओं को उजागर करती है, जो Magna के किसी भी संगठन को वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति करती है। हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारे सप्लायर इस दस्तावेज में निर्धारित मानक अपनाएं, उन क्षेत्रों में भी जहां इन मानकों का पालन करना सामान्य व्यवसाय संस्कृति का हिस्सा न हो।

सप्लायर आचार संहिता और आचार नीतत का उद्देश्य है Magna के साथ या Magna की सेवा में किसी अन्य उप-सप्लायर के साथ कारोबार करने में हमारे भागीदारों को सफलता हेतु एक ढांचा उपलब्ध हो। सप्लायर आचार संहिता और आचार नीतत आपके साथ हमारे समग्र संविदात्मक संबंध का एक अखंड हिस्सा है और यह महत्वपूर्ण है कि आप इसे ठीक से समझ लें। इसकी सामग्री या दैनिक व्यवसाय में इसके लागू होने के बारे में यदि आपके कोर्इ प्रश्न हों, तो कृपया अपने खरीद प्रतिनिधि या Magna की आचारनीति और कानूनी अनुपालन टीम के किसी सदस्य से संपर्क करें।

धन्यवाद।

# विषय-सूची

सप्लाई चैन टीम से संदेश

## व्यवसायिक सौदों में सत्यनिष्ठा का पालन

विश्वासरोधी एवं स्पर्धा कानून 5
रिश्वत-रोधी कानून 6
प्रतिबंध एवं निर्यात नियंत्रण कानून 6
हित टकराव क्षेत्रों से सामान मंगवाना 6

## अपने कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा का पालन

मानवाधिकारों का सम्मान करना 7
विविधता एवं समावेश 8
स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 8
पर्यावरणीय अक्षुण्णता 8

## हमारे कार्यों के जरिए सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना

हित टकराव 10
उपहार एवं मनोरंजन 10
Magna की सूचना एवं बौद्धिक संपदा का संरक्षण 10

## उत्तम संप्रेषण के साथ सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना

चिंताएं और गैर-प्रतिशोध सूचित करना 11

कानूनी अनुपालन विशेषज्ञों से सहयोग 12

# व्यवसायिक सौदों में सत्यनिष्ठा का पालन

Magna में, हम अपने एवं अपने सप्लायरों के लिए उच्च नैतिकता मानक निर्धारित करते हैं।

Magna के सप्लायरों, विक्रेताओं, परामर्शियों, एजेंटों या हमारी तरफ से कोइ्र भी कार्रवाइ्र करनेवाले किसी भी अन्य तीसरे पक्ष ("सप्लायर्स") को, जहां भी वे व्यवसाय कर रहे हों वहां उन कानूनों, विनियमों, मानकों, एवं Magna की नीतियों (समग्र रूप में, "कानून") का पूरा-पूरा पालन करके हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए। साथ ही, उनसे यह भी अपेक्षा है कि उनके सप्लायर इस संहिता के सिद्धांतों का पालन करें।

वैसे तो हमारे सप्लायरों पर कइ्र कानून लागू होते हैं और वे क्षेत्रानुसार अलग-अलग हैं, फिर भी पालन करने हेतु कुछ महत्वपूर्ण सिद्धांतों में निम्न शामिल हैं:

## विश्वासरोधी एवं स्पर्धा कानून

हम खुले तौर पर स्पर्धा करते हैं और मुक्त एवं निष्पक्ष स्पर्धा का सम्मान करते हैं। हम अपने सप्लायरों से भी यही अपेक्षा रखते हैं।

सप्लायरों को सभी लागू विश्वासरोधी एवं स्पर्धा कानूनों का पालन करना चाहिए और किसी ऐसे कार्य में लिप्त नहीं होना चाहिए जो स्पर्धा को गलत ढंग से कम करे। मना किए गए इन कार्यों के उदाहरणों में स्पर्धियों के साथ मूल्य निर्धारित करने में सहमत होना, छूट या बिक्री के नियम तय करना, उत्पादन सीमित करना, बाज़ारों में बंटवारा करना, ग्राहक आबंटित करना, बोलियों के कार्य समन्वित करना, या ग्राहको एवं सप्लायरों का बहिष्कार करना शामिल हैं। कुछ कार्यक्षेत्रों में, संवेदनशील व्यावसायिक सूचना का आदान-प्रदान भी गैर-कानूनी है।

Magna की विश्वासरोधी एवं स्पर्धा नीति पढ़ें।

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

- सप्लायरों को उन पर लागू कानून पता होना चाहिए और उन्हें इन कानूनों का पूरा-पूरा पालन करना चाहिए
- सप्लायरों को स्पर्धा सीमित करने के लिए स्पर्धियों से टकराव से बचना चाहिए
- सप्लायरों को सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की सख्त मनाही है
- सप्लायरों को प्रतिबंधों एव निर्यात नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए
- प्रयुक्त कतिपय खनिजों के स्रोत का पता लगाने में सप्लायरों को Magna के साथ सहयोग करना चाहिए

**Magna के सप्लायरों को उन पर लागू कानूनों एवं Magna की नीतियों का पूरा-पूरा पालन करके हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए, चाहे वे कहीं पर भी कारोबार करें।**

# भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी कानून

हमारे सप्लायरों को उन लागू कानूनों का पालन करना चाहिए जो कोर्इ अनुचित व्यवसाय लाभ पाने के लिए किसी व्यक्ति या संस्था को कोर्इ मूल्यवान वस्तु देने से प्रतिबंधित करते हैं, तथा सही बहियां एवं अभिलेख रखने की अपेक्षा करने वाले कानूनों का भी वे पालन करें।

सप्लायरों को सभी मामलों में भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी कानूनों का पालन करना चाहिए, और सरकारी अधिकारियों के साथ व्यवहार करने में विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए।

सरकारी कर्मचारी हम या हमारे सप्लायर निर्दिष्ट कानूनों या स्थापित व्यवसाय पद्धतियों वाले जिस किसी विशेष कार्यक्षेत्र में काम कर रहे हों, वहां Magna "सुविधागत भुगतान" या प्रलोभन भुगतान" करने से प्रतिबंधित करती है (अर्थात् निम्न स्तर के सरकारी अधिकारियों को उन सेवाओं के लिए छोटे-मोटे भुगतान करना, जिनके लिए कोर्इ व्यक्ति या कंपनी वैसे कानूनी रूप से पात्र हो। उदाहरण के लिए, कोर्इ टेलिफोन या सुविधाओं का कनेक्शन तुरंत देने के लिए किया गया भुगतान)।

Magna की रिश्वत एवं अनुचित भुगतान नीति पढ़ें।

# प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण कानून

हम अपने सप्लायरों से अपेक्षा करते हैं कि वे उन सभी लागू कानूनों का पालन करें जो प्रतिबंधित देशों, संस्थाओं या व्यक्तियों के साथ व्यवसाय संबंध रखने की मनाही या प्रतिबंध करते हैं।

Magna की प्रतिबंध एवं व्यापार रोक नीति पढ़ें।

# हित टकराव क्षेत्रों से खनिज मंगवाना

किसी यूनाइटेड स्टेट्स स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध शेयरों वाली एक पब्लिक कंपनी के रूप में, कर्इ ज्ञात देशों में उत्पन्न होने वाले सोने, टिन, टंगस्टीन एवं टैंटालम जैसे खनिजों का पता लगाने और हमारे द्वारा उनके उपयोग के संबंध में हम यू.एस. कानून से बंधे हुए हैं।

अनुरोध किये जाने पर, हमारे सप्लायरों को उनके उत्पादों में इन खनिजों के उपयोग के बारे में, हमारे प्रपत्र में परिभाषित रिपोर्टिंग साधन एवं संरचना के उपयोग से, आंकड़े और रिपोर्टें देना ज़रूरी है। इसके अलावा, सप्लायरों को उनके सप्लायरों की भी समान सूचना देनी पड़ सकती है ताकि उन खनिजों की उत्पत्ति ज्ञात हो, और हमें उनके निष्कर्ष प्राप्त हों।



# अपने कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा का पालन

Magna में हम सुरक्षा एवं अक्षुण्णता सहित निष्पक्षता जैसे मूल्यों का सम्मान करते हैं और अपने प्रचालनों में इन्हें हासिल करने का पूरा प्रयत्न करते हैं। हम अपने सप्लायरों से भी यही अपेक्षा रखते हैं।

## मानवाधिकारों का सम्मान

Magna सभी लागू मानवाधिकारों का पालन करने को प्रतिबद्ध है, और हम अपने सप्लायरों से भी यही प्रतिबद्धता चाहते हैं।

इसलिए हमारे सप्लायरों को न्यूनतम वेतन, लाभ, ओवरटाइम, कार्य समय, एवं कार्य स्थितियों पर स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए।

हमारे सप्लायरों को जबरन या अनिवार्य श्रम का उपयोग करने की कभी अनुमति नहीं दी जाती। सप्लायरों को स्थानीय श्रम कानून द्वारा परिभाषित बाल श्रम का उपयोग करने की भी तब तक मनाही है, जब तक कि यह सरकार-अनुमोदित उस प्रशिक्षण या प्रशिक्षु कार्यक्रम का हिस्सा न हो, जिससे प्रतिभागियों को साफ तौर पर लाभ हो।

सप्लायरों को अपने कर्मचारियों को स्थानीय कानून के अनुसार श्रमिक संघों और कार्मिक परिषदों से जुड़ने की अनुमति देनी चाहिए।

Magna सभी लागू मानवाधिकारों का पालन करने को प्रतिबद्ध है, और हम अपने सप्लायरों से भी यही प्रतिबद्धता चाहते हैं।

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.

- सप्लायरों को अपने कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। विशेष रूप से, उन्हें जबरन और बाल श्रम का उपयोग करने से बचना चाहिए।
- सप्लायरों से अपेक्षित है कि वे कार्यस्थल उत्पीड़न तथा अनुचित भेदभाव को भी प्रतिबंधित करें।
- सप्लायरों को अपने कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकारी कार्यस्थल का रखरखाव करना चाहिए।
- हमें सप्लायरों से अपेक्षा है कि वे पर्यावरणीय कानूनों का पालन करें और नियमित रूप से पर्यावरण प्रभाव पर निगरानी रखें।

# भिन्नता एवं समावेशन

हम मानते हैं कि कर्मचारियों की विविधता हमारी वैश्विक कंपनी के लिए सुदृढ़ता का एक स्रोत है। इसीलिए हम अपने सप्लायरों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे लिंग, नस्ल, जातीय पृष्ठभूमि, धर्म, विकलांगता या कानून द्वारा संरक्षित अन्य किसी व्यक्तिगत लक्षण के आधार पर कार्यस्थल पर उत्पीड़न और भेदभाव को प्रतिबंधित करें।

# स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

हमारे सप्लायरों से यह अपेक्षा है कि वे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी लागू कानूनों का पालन करें। इसमें कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकारी कार्यस्थल बनाए रखने की जिम्मेदारी तथा उपयोग हेतु व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण तथा चिकित्सा उपचार की ज़रूरत वाली चोटों से निपटने की प्रक्रिया उपलब्ध होना शामिल है। Magna सप्लायरों को बढ़ावा देती है कि वे BS OHSAS 18001 व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, या किसी परवर्ती मानक का प्रमाणन हासिल करें।

# पर्यावरणीय अक्षुण्णता

हम पर्यावरणीय उत्तरदायित्व हेतु प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सप्लायरों से अपेक्षा करते हैं कि वे लागू पर्यावरणीय कानूनों का पालन या उपयोग करें, और पर्यावरण पर उनके प्रचालनों के प्रभाव को न्यूनतम रखने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

सप्लायरों को उनकी व्यवसाय गतिविधियों के पर्यावरणी पर पड़ने वाले प्रभाव का नियमित रूप से मूल्यांकन तथा अन्वीक्षण करना चाहिए, उर्जा एवं अन्य स्रोतों का उपयोग व्यवस्थित और घटाना चाहिए, अपशिष्ट एवं उत्सर्जनों को न्यूनतम रखना चाहिए, उत्पाद उपयोग-चक्र के हरेक चरण पर सामग्रियों का पुनश्चक्रण करना चाहिए, खतरनाक एवं दहनशील सामग्रियों को किसी सुरक्षित स्थान पर एवं कानूनी ढंग से भंडारित करना चाहिए, तथा अभिकल्प एवं नवोत्पाद के जरिए पर्यावरणीय प्रभाव को घटाना चाहिए।

हम ISO 14001 पर्यावरणीय मानकों या किन्हीं परवर्ती मानकों के प्रमाणन को बढ़ावा देते हैं, और अपने सप्लायरों को इस प्रमाणन अवस्था को हासिल करने हेतु कोरइ योजना विकसित करने का बढ़ावा भी देते हैं। इसी तरह से, हम अपने सप्लायरों को उनके जल एवं उर्जा के उपभोग को न्यूनतम रखने का और ISO 50001 प्रमाणन हासिल करने का भी बढ़ावा देते हैं। हमारे सप्लायरों से प्राप्त सामग्रियां REACH (रसायनों का पंजीकरण, मूल्यांकन, प्राधिकरण एवं प्रतिबंध) के अनुरूप होनी चाहिए।

Magna की स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति पढ़ें।



# हमारे कार्यों के जरिए सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना

हमारे कर्मचारियों को अपने कार्यों के जरिए हर दिन अपनी सत्यनिष्ठा प्रदर्शित करनी होती है। उन्हें वह स्थिति बताने की भी ज़रूरत होती है जिसमें उन्हें पता चलता हो कि कोई हमारे नैतिक मानकों का पालन करने में विफल रहा है। यदि हमारे सप्लायरों को इस संहिता के उल्लंघन का पता चलता है, तो उन्हें भी यही करने की ज़रूरत होती है।

## हितों के टकराव

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे व्यवसाय भागीदारों के साथ संबंध सत्यनिष्ठा एवं दृढ़ व्यवसाय निर्णय पर आधारित हो, हम अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करते हैं कि वे अपने हित टकराव हमें तुरंत सूचित करें। इसी तरह से, हम अपने सप्लायर से भी यह अपेक्षा रखते हैं कि वह हमें इस बारे में तुरंत सूचित करे, यदि उसका Magna के कर्मचारी के साथ पारिवारिक या घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध हो, जिससे कर्मचारी सप्लायर को लाभ पहुंचाने वाला कोई व्यवसायिक निर्णय ले या फिर उसे प्रभावित करे।

Magna की हित टकराव नीति पढ़ें।

## उपहार एवं मनोरंजन

यदि आप Magna के किसी कर्मचारी को उपहार या मनोरंजन का साधन उपलब्ध कराना चाहते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह उचित, मौके के अनुसार और साधारण मूल्य का हो। सप्लायर हमारे उन कर्मचारियों को उपहार या मनोरंजन के साधन नहीं दे सकते, जो सप्लायर को संभावित लाभ पहुंचाने वाले निर्णयों में शामिल हों।

इसी तरह से, हम Magna के कर्मचारियों को भी सप्लायरों से उपहार एवं मनोरंजन के साधन लेने से प्रतिबंधित करते हैं। यदि Magna का कोई कर्मचारी इस तरह की मांग करता है, तो आपको यह तुरंत सूचित करना चाहिए।

Magna की उपहार एवं मनोरंजन नीति पढ़ें।

## Magna की सूचना एवं बौद्धिक संपदा का संरक्षण

एक सप्लायर के रूप में, आपका Magna की बौद्धिक संपदा से वास्ता पड़ सकता है या हमारे या हमारे व्यवसाय भागीदारों के बारे में आपको गोपनीय जानकारी मिल सकती है। यह जानकारी संरक्षित करने में आपको बड़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है, चाहे वह कागज़ी रूप में हो या इलेक्ट्रॉनिक रूप में। जहां कहीं लागू हो, आपको Magna के नियमों एवं शर्तों का पालन करना चाहिए। जहां आपने Magna के साथ कोई अप्रकटन करार किया हो, वहां आपको इसके नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

यदि आपको पता चलता है कि Magna की गोपनीय जानकारी प्रकट की गई है या इसके बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, तो आपको अपने प्राथमिक Magna संपर्क स्रोत को तुरंत सूचित करना चाहिए।

हमारे सप्लायरों को भी दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना चाहिए।

# उत्तम संप्रेषण के साथ सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देना

Magna के एक सप्लायर के रूप में, हम इस संहिता में दिए गए र्इमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के मूल्य बनाए रखने के लिए आपसे सहायता चाहते हैं। विशेष रूप से, हमारा यह मानना है कि इस संहिता के किन्हीं तत्वों का उल्लंघन उस कार्यक्षेत्र के कानून का उल्लंघन है, जहां आप प्रचालन करते हैं। Magna इसके सप्लायरों द्वारा कानून के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करती।

## चिंताएं और गैर-प्रतिशोध सूचित करना

हमें आपसे अपेक्षा है कि आप उपायों द्वारा यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी इस संहिता को समझें और इसकी अपेक्षाओं का पालन करें। हम अपने सप्लायरों, और उनके कर्मचारियों से यह अपेक्षा करते हैं कि Magna के लिए काम करने के दौरान यदि उन्हें सप्लायर या फिर Magna के कर्मचारियों द्वारा कानून या इस संहिता के किसी उल्लंघन की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत सूचित करेंगे।

आप हमेशा Magna के उस कर्मचारी को सूचित कर सकते हैं, जो आपका मुख्य संपर्क स्रोत हो, magna.com पर दी गर्इ Magna की अनुपालन टीम का सदस्य हो, या magnahotline.com पर दी गर्इ Magna की रिपोर्टिंग लाइन का उपयोग कर सकते हैं। अधिकतर देशों में इस लाइन पर बेनामी रूप से सूचित किया जा सकता है।

परिस्थितयों के आधार पर, Magna किसी सप्लायर द्वारा इस संहिता का पालन करने में विफलता पर उपाय संबंधी कार्रवार्इ कर सकती है, उदाहरण के लिए सुधार के उपाय कार्यान्वित होने तक उक्त सप्लायर के साथ व्यवसाय बंद करना या फिर सप्लायर के साथ संबंध समाप्त कर देना।

## Magna वैश्विक सप्लायर अपेक्षाओं से टकराव

इस दस्तावेज की किसी अपेक्षा का Magna वैश्विक सप्लायर अपेक्षाओं के साथ टकराव होने पर, इस दस्तावेज की अपेक्षाएं लागू होंगी।

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

- सप्लायरों के कर्मचारियों को इस संहिता से परिचित होना चाहिए और इसके नियमों का पालन करना चाहिए।
- इस कोड या कानून का कोर्इ उल्लंघन होने पर सप्लायरों को हमें बताना चाहिए।
- यदि कोर्इ कर्मचारी किसी उत्तम-विश्वास अनुपालन की चिंता प्रकट करता है तो सप्लायर उनके विरुद्ध बदले की कार्रवार्इ नहीं करेंगे।

# कानूनी अनुपालन विशेषज्ञों से सहायता

इस सप्लायर आचार संहिता और आचार नीतत की अपेक्षाओं पर यदि आपके कोर्इ प्रश्न हैं, तो आपको Magna में अपने मुख्य संपर्क स्रोत से संपर्क करना चाहिए। आप अपने प्रश्न Magna के आचारनीति और कानूनी अनुपालन विभाग को भी भेज सकते हैं।

Effective Date: January 1, 2018
Last Reviewed: June 13, 2017
Next Review Date: January 1, 2020
Issued by: Ethics and Legal Compliance
Approved by: Magna Compliance Council

magna.com